दिनांक : 13.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- राज्य के बजट में पर्यटन, संस्कृति और धर्मस्व विभाग के लिये 1610 करोड़ रूपये का प्रावधान। धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा।
- विकसित मध्यप्रदेश विजन डाक्यूमेंट के लिये नागरिक सर्वे की हुई शुरूआत।
- पीथमपुर में यूनियन कॉर्बाइड के कचरे को जलाए जाने के तीनों चरण पूरे। 27 मार्च को हाईकोर्ट में होगी सुनवाई।
- होलिका दहन के साथ आज रंगपर्व की शुरूआत। प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम।

बजट धार्मिक

राज्य विधानसभा में कल पेश किया गया बजट प्रदेश को धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व के लिए कुल 1,610 करोड़ रूपये का बजट आवंटित किया गया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 133 करोड़ रूपये अधिक है। इसके तहत उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर ओंकारेश्वर में 'ओंकारेश्वर महालोक' का निर्माण किया जाएगा, वेदान्त पीठ की स्थापना के अंतर्गत 500 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है, श्रीकृष्ण पाथेय योजना के तहत उन स्थानों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े थे। इसके लिए 10 करोड़ रूपये का बजट आवंटित किया गया है। इसी तरह राम पथ गमन योजना में भगवान श्रीराम के वनगमन मार्ग और धार्मिक नगरी चित्रकूट के समग्र विकास हेतु 30 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के 14 स्मारकों का निर्माण 507 करोड़ रूपये की लागत से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अब तक 8 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। इस वर्ष इस योजना के लिए रूपये 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें दिव्यांग नागरिकों को भी विशेष सुविधा दी जा रही है। बजट में किए गए इन प्रावधानों से संत समाज में प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रफुल्लित तीर्थ, रायसेन के महामंडलेश्वर मनेश्वरानंद जी ने सरकार का आभार जताया है।

विकसित विजन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मुख्यमंत्री निवास में राज्य नीति आयोग द्वारा बनाए जा रहे विकसित मध्यप्रदेश विज़न डॉक्यूमेंट के लिए नागरिक सर्वे का शुभारंभ किया। विकसित मध्यप्रदेश-2047 के निर्माण में आम जन की भागीदारी और उनका अभिमत जानने के उद्देश्य से नागरिक सर्वेक्षण प्रारंभ किया गया है। इस सर्वे के लिए वेबसाइट के साथ ही एक क्यूआर कोड भी उपलब्ध करवाया गया है, जहां आमव्यक्ति भी नागरिक सर्वेक्षण में हिस्सा लेकर विभिन्न सुझाव दे सकेंगे। इस सर्वे में मध्यप्रदेश नीति आयोग की वेबसाइट के माध्यम से भाग लिया जा सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकसित मध्यप्रदेश-2047 के निर्माण में प्रदेश के सभी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए विद्यालयों में विकसित मध्यप्रदेश-2047 विषय पर निबंध प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इसके साथ ही जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से जिला स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक लोगों से राय मांगी गई। इस प्रक्रिया में 2.5 लाख से अधिक नागरिकों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है।

जल गंगा जल संवर्धन

प्रदेश में वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने के उद्देश्य के साथ 'जल गंगा जल संवर्धन अभियान' गुड़ी पड़वा 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अभियान में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक गतिविधियां चलाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कल भोपाल में इस संबंध में एक बैठक में कहा कि सरकार विभिन्न विभागों, सामाजिक संगठनों और आम जनता की भागीदारी से जल संरक्षण गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी।

वैष्णव-स्टारलिंक

सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय बाजार में प्रवेश की तैयारी कर रहे स्पेसएक्स के स्टारलिंक सेवा का स्वागत किया है। श्री वैष्णव ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि यह दूरदराज के क्षेत्रों में रेल परियोजनाओं में अत्यंत उपयोगी होगी। श्री वैष्णव का यह बयान दो भारतीय दूरसंचार कंपनियों द्वारा स्टारलिंक की इंटरनेट सेवाओं के लिए स्पेसएक्स के साथ साझेदारी की घोषणा के बीच आया है।

वेव्स-दिल्ली कार्यक्रम

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव विश्व दृश्य श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स-2025 से पहले आज नई दिल्ली में वैश्विक समुदाय से संपर्क करेंगे। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन और मेजबान राज्य महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

इस आयोजन के माध्यम से सरकार का लक्ष्य तेजी से बढ़ते मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के लिए एकीकृत वैश्विक मंच के रूप में वेव्स की परिवर्तनकारी क्षमता का प्रदर्शन करना है। कार्यक्रम के दौरान सौ से अधिक राजदूत और उच्चायुक्त मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में सहक्रियाशील मार्ग प्रशस्त करने के लिए अवसरों की रूपरेखा तैयार करेंगे। वेव्स शिखर सम्मेलन का पहला संस्करण पहली से 4 मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

यूनियन कार्बाइड अपशिष्ट

यूनियन कार्बाईड के अपशिष्ट को जलाने के तीनों ट्रायल रन कल पूरे हो गए हैं। मेसर्स पीथमपुर इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट प्रायवेट लिमिटेड, पीथमपुर के इंसीनरेटर में इसे संपन्न किया गया। तीसरा ट्रायल रन में अपशिष्ट की फीडिंग 10 से 12 मार्च तक की गई जिसमें 10 टन कचरा जलाया गया है। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार यूनियन कार्बाईड के अपशिष्ट के तीन ट्रायल कराए जा चुके हैं जिनमें कुल 30 टन अपशिष्ट का दहन किया जा चुका है। अब इस संबंध में रिपोर्ट राज्य सरकार हाई कोर्ट के सामने रखेगी 27 मार्च को इस मामले में सुनवाई होगी।

होलिका दहन

रंगों का त्योहार होली आज शाम होलिका दहन के साथ ही शुरू हो जायेगा। पर्व की रौनक बाजारों में दिखाई दे रही है। रंग गुलाल, पिचकारी, आदि से सजी दुकाने पर खरीदी की जा रही है। भोपाल शहर के 1500 से अधिक स्थानों पर आज होलिका दहन किया जाएगा। इस बीच प्रदेश में आगामी त्यौहारों को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग सक्रियता से कदम उठा रहा है। कल मदिरा के दुकानों को बंद रखा जाएगा। छतरपुर में इस संबंध में तैयारिया जारी है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मिकी चौबे ने कहा कई स्थानों पर सुरक्षा के लिए जांच कि जा रही है।

सिंहस्थ 2028

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ - 2028 मध्यप्रदेश का अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। लाखों-करोड़ों श्रद्धालु सिंहस्थ के दौरान उज्जैन आएंगे। किसी भी श्रद्धालु को स्नान व देव दर्शन में कोई कठिनाई हो, इसके लिए व्यापक प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल सिंहस्थ - 2028 के संबंध में बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ की व्यवस्थाओं और प्रबंधन से जुड़े सभी कार्य जून 2027 के पहले ही पूरे कर लिए जाएं।

समाचार संक्षेप में .....

झाबुआ में ग्राम पंचायत ढेकलबड़ी और ग्राम पंचायत कल्याणपुरा में आयोजित भागोरिया बाजार मे महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त स्टॉल के माध्यम से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

आगरमालवा में कल जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर राघवेन्द्रसिंह ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले ट्रेक्टर-ट्रालियों पर रेडियम अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए।

कटनी जिले में 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नवजात और शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवायें' थीम पर शिविर का आयोजन किया गया।

भोपाल में आबकारी अमले ने होली से 2 दिन पहले अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की।

श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 33 पंजीयन केन्द्रों पर किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा रहा है।

इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल में रोटरी क्लब और पंजाब नेशनल बैंक हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के सहयोग से डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण किया गया।

गुना शहर में व्यवसायिक एवं आवासीय डायवर्सन कराना अनिवार्य कर दिया गया है, अन्यथा 50 प्रतिशत अर्थदंड लगेगा।

-------